>

Title: Need to distribute foodgrains to the poors.

श्री उमाशंकर सिंह (महाराजगंज): सभापति महोदय, एफसीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक की लापरवाही के कारण दो हजार गेहूं के बोरे सड़ गए हैं। माल गोदाम अधीक्षक के बार-बार अनुरोध के बावजूद भी गेहूं नहीं उठाया गया। खुले आसमान में ये बोरे पड़े रहे, जिस कारण सारा गेहूं सड़ गया। यही नहीं, गेहूं दो हजार बोरे सड़ गया और सात लाख रुपया रेलवे ने वार्षिक लगाया और 1,24,000 रुपया उतारने का भाड़ा भी लगाया। क्षेत्रीय प्रबंधक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद भी अभी तक गरीबों को अन्न का वितरण नहीं किया जा रहा है। मैं आपके द्वारा केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि सम्बन्धित पदाधिकारी पर जांच कराकर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही गरीबों में अन्न का वितरण किया जाए।